# कक्षा- 6

# इकाई – 2 – पदार्थ एवं पदार्थ के समूह

## एक शब्द उत्तरीए प्रश्न

**प्रश्न 1:** स्थान घेरने और भार रखने वाली वस्तुएँ क्या कहलाती हैं?

**उत्तर:** पदार्थ

**प्रश्न 2:** बाह्य संरचना के आधार पर किया जाने वाला वर्गीकरण क्या कहलाता है?

**उत्तर:** भौतिक

**प्रश्न 3:** आन्तरिक संरचना के आधार पर किया जाने वाला वर्गीकरण क्या कहलाता है?

**उत्तर:** रासायनिक

**प्रश्न 4:** पदार्थ की कितनी भौतिक अवस्थाएँ होती हैं?

**उत्तर:** तीन

**प्रश्न 5:** किस अवस्था में पदार्थ का आकार और आयतन दोनों निश्चित होते हैं?

**उत्तर:** ठोस

**प्रश्न 6:** द्रव अवस्था में पदार्थ का क्या निश्चित रहता है?

**उत्तर:** आयतन

**प्रश्न 7:** जल में घुलने वाले पदार्थों को क्या कहते हैं?

**उत्तर:** विलेय (या घुलनशील)

**प्रश्न 8:** जल में न घुलने वाले पदार्थों को क्या कहते हैं?

**उत्तर:** अविलेय (या अघुलनशील)

**प्रश्न 9:** जिन पदार्थों के आर-पार स्पष्ट देखा जा सकता है, उन्हें क्या कहते हैं?

**उत्तर:** पारदर्शी

**प्रश्न 10:** जिन पदार्थों के आर-पार नहीं देखा जा सकता, उन्हें क्या कहते हैं?

**उत्तर:** अपारदर्शी

**प्रश्न 11:** जिन पदार्थों द्वारा धुंधला या आंशिक रूप से आर-पार देखा जाता है, वे क्या कहलाते हैं?

**उत्तर:** पारभासी

**प्रश्न 12:** जो पदार्थ अँगुलियों से दबाने पर आसानी से दब जाते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

**उत्तर:** मुलायम

**प्रश्न 13:** चुम्बक द्वारा आकर्षित होने वाले पदार्थ क्या कहलाते हैं?

**उत्तर:** चुम्बकीय

**प्रश्न 14:** पदार्थ का वह सूक्ष्मतम कण जो स्वतन्त्र अवस्था में रह सकता है, क्या कहलाता है?

**उत्तर:** अणु

**प्रश्न 15:** किसी पदार्थ के निर्माण की मौलिक इकाई क्या है?

सईद SIR KI CLASS

**उत्तर:** परमाणु

**प्रश्न 16:** प्रोटॉन पर कौन सा आवेश होता है?

**उत्तर:** धनआवेश

**प्रश्न 17:** इलेक्ट्रॉन पर कौन सा आवेश होता है?

**उत्तर:** ऋणआवेश

**प्रश्न 18:** न्यूट्रॉन पर कौन सा आवेश होता है?

**उत्तर:** उदासीन (कोई आवेश नहीं)

